<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–11.08.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- स्वतंत्रता दिवस पर इस बार रांची के मोरहाबादी में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे ध्वजारोहण, राजभवन में नहीं होगा एट होम कार्यक्रम।
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन, रांची में सेना के जवानों ने निकाली तिरंगा यात्रा, परमवीर अलबर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि।
- अपराधियों के खिलाफ अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, जमशेदपुर, लोहरदगा और साहिबगंज से 22 अपराधकर्मी गिरफ्तार, हथियार और कारतूस भी बरामद।
- राज्य में बारिश का सिलसिला जारी, हजारीबाग में भू–स्खलन, पाकुड़ में वज्रपात से दो की मौत, अगले 4 दिनों तक मौसम में बदलाव के संकेत नहीं।
- जमशेदपुर में खेले जा रहे 134 वें डूरंड कप के ग्रुप सी के मुकाबले में इंडियन आर्मी एफटी की टीम ने वन लद्दाख एफसी को दो के मुकाबले चार गोल से हराया।

******************

स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में इस वर्ष राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ध्वजारोहण करेंगे। राज्य सरकार के प्रस्ताव को राज्यपाल ने स्वीकृति दे दी है। परंपरा के अनुसार हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर राज्यपाल उपराजधानी दुमका में और मुख्यमंत्री रांची में ध्वजारोहण करते हैं। दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सम्मान में स्वतंत्रता दिवस पर इस बार राजभवन में एट होम कार्यक्रम भी नहीं होगा।

******************

हर घर तिरंगा अभियान के तहत राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस कड़ी में आज रांची में सेना के जवानों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी और अलबर्ट एक्का चौक पर परमवीर चक्र विजेता अलबर्ट एक्का को श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर जवानों ने कहा कि तिरंगा केवल एक कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि यह हमारी पहचान, गर्व और स्वतंत्रता का प्रतीक है।

******************

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर निर्वाचन आयोग और सर्वोच्च न्यायालय जैसे संवैधानिक प्रतिष्ठानों की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट चोरी जैसे आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

साउंड बाइट–मनोज सिंह ऑन चुनाव–25 सेकेंड

इधर, कांग्रेस ने वोट चोरी के मुद्दे को गांव–गांव और कस्बों तक ले जाने की आक्रामक रणनीति बनाई है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा है कि राहुल गांधी ने तथ्यों के साथ वोट चोरी के जो खुलासे किये हैं , उसपर चुनाव आयोग को संज्ञान लेना चाहिए।

******************

अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस दौरान जमशेदपुर, लोहरदगा और साहिबंगज से 22 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार और कारतसू भी बरामद किये गये हैं।

******************

अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा ने आज रांची में रिम्स निदेशक डॉ. राज कुमार के सम्मान में विशेष समारोह का आयोजन किया। डा. राजकुमार को ब्रिटिश पार्लियामेंट, लंदन की ओर से कॉमनवेल्थ मेडिकल एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किए जाने के उपलक्ष्य में यह समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर डा. राजकुमार ने कहा कि रिम्स की व्यवस्था में सुधार के लिए उन्हें कई चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है।

इस बीच रिम्स के निदेशक डॉ राजकुमार को आज सुबह एक व्हाट्सएप कॉल पर जान से मारने की धमकी मिली है। इस घटना के बाद, डॉ राजकुमार ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

******************

देशभर से 2000 की संख्या में एनसीसी के कैडेट्स और एनएसएस के स्वयंसेवक स्वतंत्रता दिवस में भाग लेने नई दिल्ली पहुंचे हैं। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने आज लाल किला पहुंचकर उनके साथ संवाद किया और राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। इस मौके पर उन्होंने आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के प्रति देश के युवाओं के प्रतिनिधि के रूप में एनसीसी कैडेट और एनएसएस स्वंयसेवक कार्य करें।

******************

धनबाद रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने कहा कि मंडल ने पिछले दो–तीन महीनों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट पर विशेष ध्यान दिया है। डीआरएम आज प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि धनबाद रेलवे स्टेशन के नॉर्थ साइड प्लेटफॉर्म संख्या 1 के आगे से दो नई लाइनों को जोड़े जाने की योजना है। स्टेशन को वर्ल्ड क्लास लुक दिया जाएगा।

******************

सिमडेगा जिले में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विशेष पहल की जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

राज्य में बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। आज भी कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गयी। इस दौरान पाकुड़ में वज्रपात की घटना में दो लोगों की मौत हो गयी। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक मौसम में बदलाव की कोई संभावना व्यक्त नहीं की है। इस दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

******************

हजारीबाग जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में सुबह भारी बारिश के कारण बभनबे पहाड़ पर भूस्खलन से पहाड़ का बड़ा हिस्सा खिसककर नीचे गिर गया। हालांकि इस घटना से किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

******************

लोकसभा ने आज राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक– 2025 को ध्वनि मत से पारित कर दिया। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा कि इन विधेयकों के लागू होने से देश में पारदर्शी, जवाबदेह और विश्वस्तरीय खेल वातावरण का निर्माण संभव होगा।

******************

जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जा रहे 134 वें डूरंड कप के ग्रुप सी के मुकाबले में आज इंडियन आर्मी एफटी की टीम ने वन लद्दाख एफसी की टीम को 4–2 से हरा दिया।

*******समाप्त********